घटना | बड़वारा थाना क्षेत्र के सुड्डी गांव मोड़ के पास हुआ हादसा, महिला गंभीर रूप से घायल

# पिकअप की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत



**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत सुड्डी गांव मोड़ के पास सोमवार रात एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण पिता-पुत्र की मौत हो गई है, जबकि पुत्र की पत्नी घायल हो गई है। जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। महिला का और बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पिकअप चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी शिव सिंह (55) और उनका पुत्र मनोज सिंह (35) बहू चंदा सिंह के साथ बरही सुखदास गांव शोक कार्यक्रम में शामिल होने बाद बाइक से मोटर साइकिल से लौट रहे थे, इसी दौरान सुड्डी गांव मोड़ के पास उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित खेत में चली गई। हादसे की जानकारी राहगीरों ने बड़वारा पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस डॉक्टरों के माध्यम से तीनों को बड़वारा अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद शिव सिंह और मनोज सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल चंदा बाई को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक शिव सिंह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मनोज सिंह के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे बेटी शिखा (14 वर्ष) और बेटा सिब्बू (12 वर्ष) हैं। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## चार महीने के लिए आदतन अपराधी का जिला बदर

**नवभारत, कटनी।** जिला दंडाधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने कुठला स्थित भैरम बाबा के पास गली नंबर 08 इन्द्रानगर निवासी 23 वर्षीय सचिन सेन पिता संतोष सेन के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 4 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। सचिन सेन के विरूद्ध वर्ष 2022 से जून 2025 तक 6 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना, अवैध हथियार लेकर घूमने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सचिन के विरूद्ध कई बार वैधानिक और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैं, लेकिन उसके आचरण में सुधार नहीं हुआ। जिस पर जिलाबदर किया गया है।



# जंगल में महुआ बीनने जाते समय सतर्क रहें ग्रामीण

**वन विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे जागरूकता शिविर**

**नवभारत, कटनी।** गर्मी की आहट के साथ ही वनों को आग से बचाने और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने जागरूकता शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया है। तहसील मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर आदिवासी बहुल उचेहरा और भलवारा गांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों उद्देश्य वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को जंगल की आग और वन्यप्राणियों के खतरों के प्रति सचेत करना है। शिविर में रेंजर अजय मिश्रा ने ग्रामीणों और वन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि महुआ संग्रहण के समय अक्सर पेड़ों के नीचे सफाई के लिए आग लगा दी जाती है। यह छोटी सी लापरवाही पूरे जंगल में भीषण आग का कारण बन सकती है, जिससे न केवल बेशकीमती वन संपदा नष्ट होती है, बल्कि वन्यजीवों और पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंचता है। विभाग ने ग्रामीणों से महुआ बीनते समय आग का उपयोग नहीं करने के लिए कहा है। इलाके में बाघ की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधान पर रहने के लिए कहा है। रेंजर ने विशेष रूप से समझाइश दी है कि ग्रामीण अकेले जंगल के भीतर प्रवेश न करें और मवेशियों को चराते समय भी समूह में रहें।

# चिया की फसल उगाने से लाभ का धंधा बनी खेती

**चिया की खेती से किसानों को हुआ बंपर मुनाफा**



**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम चरगवां के प्रगतिशील किसान संदीप तिवारी ने परंपरागत गेहूं की खेती छोड़कर सुपरफूड कहे जाने वाले चिया सीड की खेती अपनाई और उल्लेखनीय आर्थिक सफलता हासिल की है। आत्मा विभाग द्वारा नवाचार के तहत वर्ष संदीप को चिया के बीज उपलब्ध कराए गए थे।

विभागीय मार्गदर्शन और तकनीकी सलाह के साथ उन्होंने अपने 1 एकड़ खेत में चिया की बुवाई की। परिणामस्वरूप उन्हें 3.5 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे 58 हजार रुपए में बेचा गया। संदीप ने बताया कि कटाई तक चिया की खेती में मात्र 7 हजार रुपए की लागत आई। इस प्रकार 51 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित हुआ। वर्ष 2023-24 तक संदीप 1 एकड़ में लगभग 15 क्विंटल गेहूं उत्पादन करते थे। 2275 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिक्री 34,125 रुपए होती थी।

इसमें से बीज, खाद, सिंचाई और अन्य कार्य की लागत लगभग 15 हजार रुपये आने के बाद उन्हें मात्र 19,125 रुपये का शुद्ध लाभ मिलता था।

इसके तुलना में चिया की खेती कम लागत, कम खाद और दवाइयों की आवश्यकता, मवेशियों से कम नुकसान जैसी विशेषताओं के कारण अधिक लाभकारी साबित हुई।

# गुणवत्ता के साथ जल्द बनाएं लायब्रेरी ताकि छात्रों को मिले लाभ

**आयुक्त और सीईओ ने किया ई-लायब्रेरी का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरन प्रीत कौर द्वारा संयुक्त रूप से केसीएस स्कूल परिसर में डीएफएफ मद से 101.74 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे जी प्लस टू ई-लाइब्रेरी निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा कर शेष कार्य को प्राथमिकता से करते हुए जल्द पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री असित खरे और क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा ने बताया कि डीएमएफ मद से 2092 वर्ग फुट पर दो तल की ई-लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है जिसके प्रथम तल मे 8 बाई 8 वर्ग फुट के दो बाथरूम की सुविधा सहित छात्रों की बैठक क्षमता के संबंध में जानकारी दी गई। नगर निगम आयुक्त और जिला पंचायत सीईओ द्वारा ई-लाईब्रेरी में अब तक कराए गए कार्य को देखा और भुगतान की वर्तमान स्थिति, शेष कार्य में खर्च होने वाली अतिरिक्त राशि की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को बचे हुए निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों को आधुनिक डिजिटल संसाधनों से युक्त ई-लाइब्रेरी सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। निगमायुक्त और सीईओ ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना छात्रों के शैक्षणिक विकास, डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप जल्द पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग जेपी पटेल, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य की मौजूदगी रही।

## बाइक में मॉडिफाइड सायलेंसर लगाने पर जुर्माना

**नवभारत, कटनी।** शहर की सड़कों पर तेज आवाज और पटाखे फोड़ने वाले मॉडिफाइड सायलेंसर लगाकर हुड़दंग मचाने वाले बाइकर्स अब पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार रात खिरहनी चौकी पुलिस ने एक बुलेट चालक पर सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना के अंतर्गत खिरहनी चौकी पुलिस जब रात्रि गश्त पर थी, तभी उन्हें एक बुलेट मोटरसाइकिल से अत्यधिक शोर सुनाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और जांच की। जांच में पाया गया कि बुलेट में मानक सायलेंसर हटाकर अवैध रूप से मॉडिफाइड सायलेंसर लगाया गया था, जो ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था। पुलिस ने वाहन को जब्त जुर्माना की कार्रवाई की है।

## लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक

**नवभारत, कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा सोमवार को समस्त अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यवहर न्यायाधीश वरिष्ठ खंड ढीमरखेडा पूर्वी तिवारी ने उपस्थित अधिवक्ताओं से वन-टू-वन चर्चा की।

# प्रेम संगठन मंत्री, युवा व्यवसायी राहुल बने कोषाध्यक्ष

**शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा**

**नवभारत, कटनी।** लंबे इंतजार के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के बाद शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का ऐलान होली के अवसर पर किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने नई टीम का परिचय देते हुए कहा कि यह टीम नई ऊर्जा और समर्पण के साथ कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी में जिले के प्रमुख समाजसेवी प्रेम बत्रा को संगठन मंत्री युवा व्यवसायी राहुल होतवानी को कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर भूपेश जायसवाल, शिवकुमार जालिम यादव, हाजी गुलाम जाफर, श्याम पाहुजा, आनंद पटेल, दिग्विजय सिंह को नियुक्त किया गया है। महामंत्री पद पर ओमप्रकाश मुन्ना कुशवाहा, मंजू निषाद, नीरज शुक्ला, इस्तियाक अहमद, राहुल पटेरिया, सुधीर पटेल, विजय चंदवानी, संजय गुप्ता, प्रभात तिवारी, कपिल रजक को जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पद पर साक्षी गोपाल साहू, ललित सोनी, सुरेश पांडेय, शोभा मंगलानी, शशि शेखर भारद्वाज, राशिद रजा कुरैशी, विकास पाठक, अहमद कुरैशी, विनीत जायसवाल और अभय खरे को नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# संस्कृति के संरक्षण के लिए आवश्यक है प्राकृतिक रंगों का उपयोग

**होली के रंग प्रकृति के संग विषय पर हुआ कार्यक्रम**



**नवभारत, कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में होली के रंग प्रकृति के संग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होली के पावन पर्व एवं अन्य सामाजिक अवसरों पर बाजार में उपलब्ध खतरनाक रसायनों से बने हानिकारक रंगों से परहेज करना तथा प्राकृतिक पदार्थों से बने रंगों के उपयोग करने के लिए समाज को जागरूक एवं प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्राकृतिक विभिन्न प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर अलग-अलग रंगों के बनने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जैसे हरे रंग के लिए पालक, करी पत्ता और मेंहदी के पत्ते, पीले रंग के लिए कच्ची हल्दी एवं गेंदा के फूल, नीले रंग के लिए जैस्मिन, अपराजिता के फूल, नारंगी रंग के लिए गेंदा के फूल, लाल रंग के लिए टेसू के फूलों तथा लाल और गुलाबी रंग के लिए चुकंदर के रस का प्रयोग किया जाता है। सभी सामग्रियों को अच्छी तरह सुखाने के बाद बारीक पीसकर सुरक्षित तरीके से गुलाल एवं रंग तैयार किया जाता है। साथ ही गुलाब का इत्र, चंदन आदि मिलाकर रंगों को खुशबूदार भी बनाया जा सकता है। साथ ही डॉ. अरविन्द सिंह ने कहा कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग कर हम न केवल अपनी संस्कृति और सभ्यता का संरक्षण करेंगे, बल्कि स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में भी सहभागी बनेगें। डॉ. सुनीता सिंह ने कहां कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग न सिर्फ हमें शारीरिक नुकसान से बचाता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार होते है। जबकि केमिकल युक्त रंग नदियों के जल, मृदा एवं पर्यावरण को भी प्रदूषित करते हैं। इसलिए लोगों को इस बात को भलीभांति समझना होगा कि रासायनिक रंग कभी प्राकृतिक रंगों का विकल्प नहीं हो सकते है। डॉ. रामानुज पटेल ने बताया कि पारंपरिक तरीकों से बनाए गए प्राकृतिक रंगों से न केवल स्वस्थ्य ठीक रहता है बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होते है। साथ ही महिला स्वसहायता समूहों के लिए आमदनी का अच्छा स्त्रोत भी बन रहे है। जबकि डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने कहां कि होली रंगों का त्योहार है जिसमें एक-दूसरे को रंग लगाकर सफलता और खुशहाली की शुभकामनाएं दी जाती है, लेकिन इस दौरान की जाने वाली थोड़ी-सी जिद एवं जोर-जबरदस्ती या लापरवाही किसी के शरीर या जान के लिए मुसीबत भी बन सकती है। वहीं डॉ. रश्मि त्रिपाठी ने रासायनिक रंगों के उपयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों जैसे त्वचा रोग, आंखों में जलन, अंधापन, कैंसर जैसे गंभीर समस्याओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया साथ ही बताया कि इन खतरनाक रसायनों के उपयोग से पानी और मिट्टी भी प्रदूषित होते हैं। अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहां कि बाजार में मिलावटी एवं केमिकलयुक्त रंग काफी सस्ते दर पर बेचें जाते है। जिनसे चर्म रोग सहित कई बड़ी एवं घातक बीमारियां हो सकती हैं। साथ ही सभी को सतर्क रहते हुए सुरक्षित होली मनाने के उपायों को अपनाने कि अपील की एवं प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. रामानुज पटेल, मनोज चौधरी, सौरभ तिवारी, अब्दुल बारी, सुनील कुमार कहार, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ. अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, डॉ कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत, सोनम पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

# होगी अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था का रखें विशेष ध्यान

**नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व**



**नवभारत, कटनी।** होलिका दहन, धुरेड़ी, भाईदूज, रंग पंचमी पर्वो पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं को तय समय पर पूर्ण कराने के लिए निगमायुक्त तपस्या परिहार ने शैलेष गुप्ता, उपायुक्त को प्रभारी अधिकारी और जागेश्वर प्रसाद पाठक, राजस्व अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। नगर निगम आयुक्त ने शहर में व्यवस्थाओं को समय पर पूरा कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपकर प्रभारी और सहायक प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में मोबाइल फोन चालू रखते हुए विभागीय व्यवस्था करने के लिए कहा है। निगमायुक्त ने होली पर्व पर शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों और वार्डों में बंद स्ट्रीट लाइट के प्वाइंट चालू कराकर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने, परंपरागत स्थानों पर अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था कराने के साथ ही नगर भ्रमण कर होलिका दहन का कार्यक्रम विद्युत पोल से दूर कराने की व्यवस्था के लिए विद्युत शाखा को निर्देशित किया है। निगमायुक्त ने होली पर्व पर 4 मार्च को पानी की अतिरिक्त सप्लाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, परंपरागत स्थानों और मांग होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने के निर्देश दिए है। वही होली पर्व में पानी की आवश्यकता और प्रशासन के निर्देश पर अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू रखने के लिए पानी के टैंकर भर कर चालू हालत में रखनें लिए निर्देशित किया गया है। सभी वार्डों विशेषकर ऐसे मुख्य मार्ग, सार्वजनिक स्थान, गली, मोहल्ला, जहां पर होली दहन का कार्यक्रम सम्पन्न होता है वहां विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग के साथ ही होलिका दहन के बाद सफाई करने के लिए कहा है। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया है। सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग करने भी कहा गया है।

स्वास्थ्य | स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# स्कूलों और ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर कराया जाए एचपीवी टीकाकरण



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने समय-सीमा की बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ और पंचायत सचिवों से समन्वय कर स्कूलों और पंचायतों में एचपीवी टीकाकरण के लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि इन कैंपों में मेडिकल ऑफिसर की उपस्थिति होनी चाहिए, इसके साथ ही विभागों के लंबित राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी कलेक्अर ने दिए। दिये। बैठक के दौरान समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत बड़वारा और ढीमरखेड़ा को ई-केवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को प्राप्त नवीन आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करने और निराकृत प्रकरणों को पोर्टल में अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आदिमजाति विभाग के सहायक आयुक्त विमल चौरसिया ने बताया कि अब तक विद्यार्थियों का 65 प्रतिशत ओटीआर किया गया है। कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ को जनपद पंचायतों से समन्वय कर डिलीट हुई लाड़ली लक्ष्मी हितग्राहियों के समग्र रिवोक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा से बाह्य मामलों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र देने वाले पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र योजना के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित किसानों से संपर्क कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश कृषि विभाग के एसएडीओ को दिए। कलेक्टर ने मृत वनपट्टाधारियों का फौती नामांतरण करने के लिए वन विभाग के रेंजर्स को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए, ताकि वारिसानो के नाम पर पट्टा जारी करने के लिए वारिसानों की फार्मर आईडी बनाने का कार्य किया जा सके। कलेक्टर ने ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण के लिए जिले की सभी 54 पैक्स समितियां ऑन बोर्ड पंजीकरण करने के निर्देश सहकारिता विभाग को दिए। जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि 15 पेंशन प्रकरण निराकृत होने योग्य हैं, जबकि 28 प्रकरण या तो न्यायालय में लंबित है या उनमें तकनीकी समस्याएं हैं। सबसे अधिक लंबित पेंशन प्रकरण शिक्षा विभाग के अंतर्गत है, जिस पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को पेंशन अधिकारी से समन्वय कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षाओं के दौरान नगरीय निकायों की पीएम स्वनिधि, आदिम जाति कल्याण विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, टंट्या मामा और भगवान बिरसामुंडा स्वरोजगार युवाओं के लक्ष्य की पूर्ति के निर्देश दिए हैं।




